तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार, 26 दिसंबर 2024

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 दल्लीराजहरा ने जीता फाइनल का खिताब



12 आधुनिक ज्ञान के साथ प्राचीन सांस्कृतिक ज्ञान और मूल्यों से ...



अधिकृत विक्रेता :
श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स
कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107
V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप



ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप



## खबर संक्षेप

### 27 को होगा महापौर, अध्यक्ष पद का आरक्षण

**धमतरी।** प्रदेश के नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु छत्तीसगढ़ नगर पालिका (महापौर तथा अध्यक्ष के पद का आरक्षण) नियम 1999 के प्रावधानों के अंतर्गत नगर पालिक निगमों के महापौर तथा नगर पालिका परिषद् एवं नगर पंचायत के अध्यक्षों के पदों का आरक्षण किया जाना है। आरक्षण की कार्रवाई 27 दिसंबर शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे पं. दीन दयाल उपाध्याय आडिटोरियम, साईंस कॉलेज परिसर रायपुर में होगी। नगर निगम की कार्रवाई प्रातः 10:30 बजे से 11:30 बजे तक, नगर पालिका की कार्रवाई प्रातः 11:30 बजे से 12:30 बजे तक, नगर पंचायत की कार्रवाई दोपहर 12:30 बजे से शुरू होगी।

### पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक 29 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ कुरूद ब्लाक की मासिक बैठक 29 दिसम्बर रविवार को सुबह 11 बजे खेल मैदान कुरूद में रखी गई है। ब्लाक अध्यक्ष हरिराम ध्रुव, सचिव किशोर कुमार साहू, कोषाध्यक्ष दुर्गेश साहू एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने बताया कि बैठक में नियमितीकरण के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की जायेगी

### छाती में कबीर सत्संग समारोह 4 जनवरी से

**पुरी।** छाती में दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 4 जनवरी एवं 5 जनवरी को किया जा रहा है। प्रवक्ता सुश्री चंद्रकला साहेब सद्गुरु कबीर दिव्य ज्योति ज्ञान आश्रम सोनारदेवरी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा होंगी। तैयारी में अमीरराम साहू, भूषण साहू, राजेंद्र दास साहू समेत ग्रामवासी जुटे हैं। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू ने दी है।

### खरतुली में 3 से रामायण प्रतियोगिता, 6 को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम खरतुली में तीन दिवसीय रामायण प्रतियोगिता 3, 4 और 5 जनवरी को ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित की गई है। इसमें छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त रामायण मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। 6 जनवरी को गांव में मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में जिर्राटोला अंबागढ़ चौकी का नाचा होगा। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष भारत साहू, सचिव राजेंद्र साहू, सहसचिव रिखीराम साहू ने दी है।

### पंचायत चुनाव आरक्षण की कार्रवाई 28 एवं 29 को

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के ग्राम पंचायत के वार्ड पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्य पदों के आरक्षण संबंधी कार्रवाई 28 एवं 29 दिसम्बर को की जाएगी। 28 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सदस्य और 12.30 बजे से जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद, नगरी और मगरलोड के अध्यक्ष पदों का आरक्षण किया जाएगा। जनपद पंचायत सभाकक्ष धमतरी, कुरूद, नगरी और मगरलोड में सुबह 10.30 बजे से ग्राम पंचायतों के पंच पदों का आरक्षण किया जाएगा। 29 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से जनपद पंचायत सभाकक्ष धमतरी, कुरूद, नगरी और मगरलोड में जनपद पंचायत सदस्यों के आरक्षण की कार्रवाई तथा दोपहर 12.30 बजे से संबंधित जनपद पंचायतों के सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों पर आरक्षण के लिए कार्रवाई की जाएगी।

---

सुंदरगंज मेनोनाइट चर्च में हुआ मुख्य कार्यक्रम, नगर के जनप्रतिनिधि हुए शामिल

# क्रिसमस पर विशेष प्रार्थना, प्रभु यीशु के संदेश का हुआ वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी













क्रिसमस के अवसर पर बुधवार को प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर इसाई समुदाय ने घरों एवं चर्च में प्रभु की विशेष आराधना की। चर्च में प्रभु के संदेशों का वाचन किया गया। मौके पर सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे। सभी समाजजनों को गिफ्ट दिया गया। चर्च पहुंचे पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा ने कहा कि क्रिश्चयन समाज की पहचान सेवाभावी के रूप में है। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में देश -विदेश में अपना योगदान दे रहा है। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि मसीह समाज की सेवा भावना अतुलनीय है। महापौर विजय देवांगन ने कहा कि क्रिश्चयन समाज एक उच्च शिक्षित समाज है। सेवाभावी समाज ने हमेशा मानवीय कल्याण के लिए कार्य किया है।

इस अवसर पर पादरी आशीष मिलाप ने प्रभु का संदेश सुनाया। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु का जन्म 2024 वर्ष पहले यहुदी देश के बैतलहम नामक गांव में हुआ था, लेकिन उनके जन्म की भविष्यवाणी 700 साल पहले हो चुकी थी। प्रभु का जन्म मानव जाति के प्रति परमेश्वर के प्रेम के प्रगटीकरण के रूप में हुआ था। जब परमेश्वर ने देखा कि पाप के कारण मानव जीवन विनाश की ओर जा रहा है तो उन्होंने अपने पुत्र प्रभु यीशु को इस संसार में भेजा ताकि उनके बलिदान से मनुष्य पाप से उद्धार पा सके और अनंत जीवन को प्राप्त करे। प्रभु का जन्म परमेश्वर की दीनता का प्रतीक है। प्रभु के रूप में स्वयं परमेश्वर ने मानव बनकर संसार में आया। मानव रूप धारण कर परमेश्वर ने अपने आपको सीमित कर लिया और दास का रूप धारण कर लिया। मानव कल्याण के लिए क्रूस की मृत्यु भी सह ली। प्रभु का जन्म मानव जाति के साथ परमेश्वर के मेल मिलाप का प्रतीक है। परमेश्वर ने संसार की मानव जाति के साथ मेल किया। क्योंकि मानव पाप के कारण परमेश्वर से दूर और अलग था। प्रभु ने परमेश्वर के रूप में मानव जाति के पाप का दोष अपने ऊपर लेकर मानव जाति से प्रतिज्ञा की कि मैं तुम्हारे पापों को फिर स्मरण नहीं करूंगा।

इस अवसर पर दीपक मसीह, सेवक अनिल राघवा, किरण जानसन, एमसी ख्रिष्टी, सेविका थेलमा मेहतो, अर्चना नेताम, आर पीटर, डॉ. नीरज नेताम, पादरी पीके सिंग, डॉ. संदीप पटौंदा, कल्याण मसीह, वालेश चरण, अनुराग मसीह, सरिता असाई, योगेश लाल, स्वप्निल सोनवानी, राकेश सालोमन, नितेश बेथे, मार्विन चरण, प्रकाश लाल, प्रणय तिवारी, पास्टर डायमंड फिलिस, शैलेन्द्र पाल, स्टीव लाल, संगीता नाथ, ई मसीह सहित सभी समाजजन उपस्थित थे।

## खपरी में आज से बहेगी भक्ति रस की धारा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सुख, समृद्धि, शांति और जनकल्याण के लिए ग्राम खपरी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 26 दिसंबर से किया जा रहा है। भागवत प्रवक्ता राधाकृष्ण मंदिर ग्राम खपरी के पुजारी पंडित युवराज शिवकुमार वत्स होंगे। परायणकर्ता विंध्यवासिनी मंदिर के पुजारी पंडित ऋतुराज शर्मा होंगे।

पहले दिन 26 दिसंबर को कलशयात्रा, वेदी पूजा, गौकरण कथा के साथ कथा प्रवेश होगा। दूसरे दिन 27 दिसंबर को परीक्षित जन्म, वराह अवतार, कपिल मुनि जन्म, वामन अवतार की कथा होगी। 28 दिसंबर को ध्रुव चरित्र, प्रहलाद कथा, भरत चरित्र और नरसिंह अवतार पर व्याख्यान, 29 दिसंबर को राम जन्म, कृष्ण जन्म, बाल लीला, 30 दिसंबर को महारास, कंस उद्धार, रूखमणी विवाह, 31 दिसंबर को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और 1 जनवरी को गीता, तुलसी वर्षा और हवन के साथ आयोजन का समापन होगा। कथा श्रवण करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारा की व्यवस्था की गई है।

तीन दुकानों से 2 लाख नकदी ले उड़े चोर, सिहावा रोड की घटना

# एक ही रात सात दुकानों के टूटे ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





सिहावा मार्ग स्थित धान व्यापारी व ट्रांसपोर्टर की सात दुकानों का ताला तोड़कर चोर 2 लाख नकदी की चोरी कर फरार हो गया है। इस घटना को एक ही रात अंजाम दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सिहावा रोड में महालक्ष्मी कालोनी के पास धान व्यापारी व ट्रांसपोर्टरों का आफिस व दुकान है। बुधवार की सुबह व्यवसायी अपनी दुकान पहुंचे लेकिन शटर का ताला टूटा हुआ पाया गया। चोरी की घटना सामने आते ही आसपास के सात दुकानों के भी ताला टूटने की बात सामने आई जिसमें से तीन दुकानों से लगभग 2 लाख नकदी की चोरी हुई है। चोर दुकानों से नकदी ही ले गया है। वहीं दुकानों में रखे लैपटाप सहित अन्य महंगे सामानों को हाथ नहीं लगाया है। जिन दुकानों में चोरी हुई वहां सीसीटीवी कैमरा नहीं है। आसपास लगे कैमरे में एक अज्ञात नकाबधारी युवक हाथ में लोहे की रॉड लेकर आधी रात को सड़क में दिलेरी के साथ घूमता दिखा है। चोर ने उसी रॉड की मदद से दुकानों का एक के बाद एक शटर का ताला तोड़ घटना को अंजाम दिया है। चोर ने रात्रि 12.45 बजे सबसे पहले श्री जी ट्रेडर्स का ताला तोड़ 50 हजार नकदी की चोरी की। उसके बाद उज्जवल ब्रोकर के आफिस से 1 लाख 20 हजार पर हाथ साफ किया। बाजू स्थित टीसीआई फ्राइट का ताला टूटा मिला। इसके बाद प्रकाश देवांगन के पीएस ट्रांसपोर्ट, हरलाल साहू का विकास ट्रेडर्स, मुकेश बख्शानी के रोहित ट्रेडर्स का ताला व कुंडी काटी गई। इसी तरह शरद कुमार नंदलाल चौबे की दुकान का ताला तोड़ चोर ने भीतर प्रवेश किया। भीतर के दरवाजे का ताला नहीं टूटने पर कांच तोड़कर भीतर रखे 20 हजार की चोरी कर फरार हो गया।

### फुटेज खंगालने जुटी पुलिस

सिटी कोतवाली प्रभारी राजेश मरई ने मीडिया को बताया कि सिहावा रोड स्थित दुकानों के ताला टूटने की शिकायत मिली है। कुछ दुकानों से नकदी की चोरी हुई है। इन दुकानों में कैमरा नहीं लगा हुआ है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# सरिया चोरी करने वाले तीन आरोपी व कबाड़ी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- केरेगांव पुलिस ने की कार्रवाई









भारतमाला सड़क निर्माण कार्य में लगे लोहे की सरिया की चोरी करने वाले तीन आरोपी व एक कबाड़ी को केरेगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।


पुलिस के अनुसार रायपुर-विशाखापटनम भारतमाला सड़क निर्माण चैनेज ग्राम कोटरवाही से ग्राम डोकाल के बीच रोड निर्माण का कार्य जारी है। रविवार की शाम निर्माणाधीन रोड में जानवरों को आने से रोकने के लिए सड़क किनारे सीमेंट का पोल लगाया गया था जिसे अज्ञात चोर तोड़कर पोल में लगे 10 एमएम की रॉड का टुकड़ा 200 नग कीमत 12 हजार व 8 एमएम की रॉड का टुकड़ा लगभग 180 नग कीमत 5 हजार कुल कीमत 17 हजार की चोरी कर ले गए। सोमवार को चोरी की घटना की जानकारी होने पर कंपनी के बालकिशन बहेती ने केरेगांव थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 303-2 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस को बनरौद तिराहा के पास तीन लोग बाइक से कुकरेल की तरफ जाते दिखे। उनके पास रखी बोरी व थैले से लोहे की रॉड दिखाई दी। बाइक सवारों को रोककर पूछताछ की गई । बाइक सवारों ने लोहे की रॉड के टुकड़े को भारतमाला रोड से चोरी करके बेचने के लिए ग्राम भोयना ले जाना बताया। आरोपियों ने चोरी के सरिया को ग्राम भोयना के कबाड़ी चन्द्रहास कोसरिया के पास बेचना बताया। पुलिस ने कबाड़ी चन्द्रहास की दुकान की तलाशी ली जहां पर आरोपियों द्वारा बेचे गए लोहे का टुकड़ा बरामद हुआ। पुलिस ने सरिया का टुकड़ा वजन 40 किग्रा कीमत 6 हजार 700 रूपए को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी शिवकुमार सलाम 46 वर्ष, श्रवण सलाम 40 वर्ष, भावसिंग नेताम 35 वर्ष तीनों ग्राम बेधवापथरा थाना दुगली निवासी व कबाड़ी चन्द्रहास कोसरिया 50 वर्ष मकेश्वर वार्ड धमतरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। तीनों आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक बाइक भी जब्त की है।

इस कार्रवाई में केरेगांव थाना प्रभारी एएसआई प्रदीप सिंह, प्रआ डिकेश सिन्हा, शिव भदौरिया, हेमराज ध्रुव, आरक्षक जितेन्द्र ठाकुर व नागेन्द्र पाण्डेय का योगदान रहा।

# नगर निगम में अनुकंपा नियुक्ति को मिली स्वीकृति

- नियुक्ति होने से काफी हद तक कर्मचारियों की कमी दूर होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





नगर निगम में विभिन्न 12 पदों पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। यह स्वीकृति चुनाव से पहले मिली है। यदि आचार संहिता से पहले ही नियुक्ति कर दी जाती है तो नगर निगम में कर्मचारियों की कमी को दूर किया जा सकता है लेकिन आचार संहिता की आड़ लेकर इस नियुक्ति को टाला जा रहा है।

पूरे प्रदेश में नगरीय निकायों में 353 पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जानी है। इसमें धमतरी नगर निगम के भी 12 पद शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने इसके लिए स्वीकृति भी दे दी है। इस स्वीकृति के बाद अनुकंपा नियुक्ति में आ रही सारी अड़चनें समाप्त हो गई हैं, लेकिन अभी भी नगर निगम में इस नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। अब तो आचार संहिता लगने में ज्यादा वक्त भी नहीं बचा है। ऐसे में यदि अभी नियुक्ति नहीं दी जाती है तो चुनाव तक फिर से इंतजार करना होगा। उल्लेखनीय है कि नगर निगम में पहले से कर्मचारियों की कमी है। ऐसे में निगम का काम भी प्रभावित हो रहा है। यदि इन पदों पर नियुक्ति दे दी जाती है तो काफी हद तक कर्मचारियों की कमी दूर हो जाएगी।

नवजात का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज, भखारा के ग्राम चरोटा की घटना

# निर्दयी मां ने नवजात शिशु को बोरी में भरकर फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम चरोटा में उस वक्त सनसनी फैल गई जब सड़क में नाली के पास बोरी में बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। बच्चे की आवाज सुनकर ग्रामीण तत्काल एकत्रित हो गए। मितानिन नवजात शिशु को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले गई। इसके बाद नवजात शिशु को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ज्ञात हो कि 25 दिसंबर बुधवार की सुबह ग्राम चरोटा में नाली के पास बोरी में नवजात शिशु मिला। घटनी की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और मितानिन राधा ध्रुव मौके पर पहुंची। मितानिन इलाज के लिए नवजात को कोर्रा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। प्राथमिक इलाज के बाद ग्रामीण अध्यक्ष पारथ ठाकुर, विनोद सिन्हा, एंबुलेंस चालक धनंजय साहू के सहयोग से शिशु को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही बाल संरक्षण की टीम भी पहुंच गई। इस संबंध में भखारा थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि अभी किसी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध नहीं किया गया है। बच्चे के परिजन की तलाश की जा रही है।

मितानिन राधा ध्रुव ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि बोरी में नवजात शिशु पड़ा हुआ है। तुरंत पहुंचकर पास में खड़ी महिला से स्कार्फ लेकर बच्चे को लपेटकर कोर्रा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। यहां पर नर्स द्वारा इलाज करने के बाद एंबुलेंस से ऑक्सीजन लगाकर जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। यदि थोड़ी सी देर होती है तो बच्चा का बचना भी मुश्किल हो जाता।


इस संबंध में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रविकिरण शिंदे ने बताया कि सुबह लगभग 7:45 बजे नवजात शिशु को लाकर भर्ती कराया गया। बच्चे का प्रसव कुछ ही घंटे पूर्व हुआ था। बच्चे का तापमान काफी कम था जिसे वार्मर में रखकर इलाज किया जा रहा है।

सूचना पर बाल कल्याण समिति के नोडल अधिकारी राजीव गोस्वामी, चाइल्ड हेल्पलाइन के केंद्र समन्वयक नीलम साहू और सदस्य मनीषा निषाद जिला अस्पताल पहुंचे। राजीव गोस्वामी ने बताया कि इलाज के बाद अस्पताल से बच्चे लेकर सीडब्ल्यूसी में पेश किया जाएगा। आदेश अनुसार दत्तक ग्रहण एजेंसी कांकेर में रखा जाएगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### आलेखुंटा में पंथी प्रतियोगिता आज से

**सिर्री।** ग्राम आलेखुंटा में बाबा घासीदास पंथी प्रतियोगिता 26 और 27 दिसंबर को आयोजित की गई है। प्रवेश शुल्क 101 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 7001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए, तृतीय 4001 रुपए निर्धारित है। इसके अलावा प्रत्येक मंडली को 1501 रुपए की सांत्वना राशि प्रदान की जाएगी। 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे सतनाम ज्योति कलश स्थापना की जाएगी। 27 दिसंबर को मड़ाई मेला का आयोजन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक रंजनी किरण भारती का जांजगीर चांपा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष दीपक मनहरे, उपाध्यक्ष मंशा चतुर्वेदी, सचिव दीनू राम मनहरे, संयोजक राजेंद्र मनहरे, जितेंद्र वत्सल, कोषाध्यक्ष दुर्गेश बंजारे, परमानंद, भुनेश्वर, संस्थापक अनिल लहरे, कैलाश मनहरे, अशोक यादव जुटे हैं।

## निधन

### अहिल्या बाई पटेल

**धमतरी।** जालमपुर वार्ड श्रीराम चौक निवासी अहिल्या बाई पटेल उम्र 82 वर्ष का बुधवार की सुबह



निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं। वे रामकृष्ण पटेल, कृष्णकांत पटेल, रमऊ पटेल, भागवत पटेल, संतोष पटेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धमतरी नगर इकाई के स्वयंसेवक राजकुमार पटेल, नरेंद्र पटेल, लिलेश पटेल की माताजी और जगतू राम पटेल की भाभी, धनराज पटेल की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा जालमपुर स्थित निवास स्थान से निकली। अंतिम संस्कार दोपहर 2 बजे शांतिघाट में किया गया। स्व. अहिल्याबाई को मरार पटेल समाज सहित संघ के स्वयंसेवकों ने दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राजेन्द्र कुमार पाटिल

**अंवरी।** ग्राम सिलतरा निवासी राजेन्द्र कुमार पाटिल सेवानिवृत



रेंजर का आकस्मिक निधन 24 दिसम्बर को हो गया। वे अपना भरा- पूरा परिवार छोड़ गए। वे रत्नी बाई के पति एवं हितेंद्र पटेल, शशिकांत पटेल के पिताजी एवं पुष्कर पटेल के दादाजी थे। उनकी अंत्येष्टि गृहग्राम के शांतिघाट में हुई। अंत्येष्टि में परिवारजन, समाजजन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**गुप्त रोगी स्वयं मिलें**

स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें

**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**

बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

विधायक अजय ने मुख्यमंत्री को समधी साहब कहकर किया आत्मीय स्वागत

# अमृतेश्वर महादेव मंदिर का दर्शन करने पहुंचे सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

मंगलवार की देर शाम कुरूद पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारद्वाज परिवार द्वारा नव निर्मित अमृतेश्वर महादेव के भव्य मन्दिर का दर्शन किया। मन्दिर की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि चन्द्राकर परिवार ने बहुत ही अच्छा काम किया है। भगवान भोलेनाथ सभी की मनोकामना पूर्ण करें। इससे पूर्व विधायक अजय चन्द्राकर ने मुख्य द्वार पर सीएम को समधी साहब कहकर फूलों से स्वागत किया तो मुख्यमंत्री ने उन्हें गले लगा लिया।

मंदिर दर्शन के बाद सीएम साय ने कहा कि मंदिर बनाने के साथ- साथ हमें समाज को जागरूक करने की जरूरत है। बहुत सी ताकतें सनातनियों को तोड़ने एवं हिन्दू धर्म के प्रति दुष्प्रचार कर धर्मांतरण में लगी हैं। उनके निशाने में वनवासी सहित कुछ और समाज है। उन्होंने त्रेता युग के हवाले से बताया कि जनजातीय समाज शुरू से ही प्रभु श्री राम का अनुयायी रहा है। हमारी पूजा पद्धति और जीवन शैली में सनातन धर्म का गहरा प्रभाव है लेकिन बस्तर सहित वनांचल में धर्मांतरण का विस्तार चिंताजनक है।





सीएम ने जशपुर क्षेत्र में जूदेव परिवार द्वारा चलाए गए घर वापसी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि धर्मांतरण रोकने हमें पूरे प्रदेश में उसी तरह से काम करने की जरूरत है। उन्होंने अयोध्या दर्शन योजना के बारे में बताते हुए तीर्थ यात्रा योजना को फिर से शुरू करने का ऐलान किया।

इस अवसर पर ईश्वर चन्द्राकर, प्रतिभा देवी, सौरभ चन्द्राकर, निरंजन सिन्हा, श्याम साहू, ज्योति चन्द्राकर, भीमदेव, गौकरण साहू, रविकांत चन्द्राकर, मालकराम साहू, भानु चन्द्राकर, सुरेश अग्रवाल, लोकेश्वर सिन्हा, कृष्णकांत साहू, थानेश्वर तारक, भूपेन्द्र चन्द्राकर, बजरंग अग्रवाल, राजेश पवार, जितेन्द्र चन्द्राकर, नरेश अग्रवाल, पंकज नायडू, जितेन्द्र अग्रवाल, प्रभात बैस,प्रसन्न नायडू, हरख जैन, लोकेश साहू उपस्थित थे।

### यज्ञ आहुति में शामिल हुए प्रदेश के अनेक दिग्गज



इससे पूर्व विधायक अजय चन्द्राकर ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि प्रोटोकॉल की परवाह किये बिना मुख्यमंत्री यहां पहुंचे, इनकी इसी सहजता एवं सरलता का हर कोई कायल है। श्री चन्द्राकर ने सीएम के साथ आए परसवानी निवासी टीकाराम कंवर से सभी का परिचय कराते हुए कहा कि गुरु भाई श्री कंवर पहले कुरुद निवासी थे। उनकी बेटी सीएम की बहू बनी है। इस नाते मुख्यमंत्री हमारे समधी हुए। पहली बार घर आए समधी को हम भोजन कराये बिना जाने नहीं देंगे। पूर्व मंत्री चन्द्राकर ने सीएम को एग्रीकल्चर कालेज का उद्घाटन करने का सार्वजनिक आमंत्रण दिया। कुरुद के प्यार भरे दो आग्रह में से एक को फौरन स्वीकार करते हुए सीएम मंच से उठे और अपने समधियों संग भोजन के लिए चल दिए। इससे पूर्व दिन में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रुपकुमारी चौधरी, विधायक अमर अग्रवाल, मोतीलाल साहू, ईश्वर साहू, रोहित साहू, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रीतेश गांधी, आशु चन्द्रवंशी भी मंदिर दर्शन कर यज्ञ आहुति में शामिल हुए।

# फुसेरा में अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा स्थापित, किया नमन

- अटल जयंती पर भाजपा सिर्री मंडल ने मनाया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम फुसेरा में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जन्म शताब्दी को भाजपा सिर्री मंडल ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर अटल चौक में अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा की स्थापना भी की गई। प्रतिमा पर पुष्पहार चढ़ाकर पूजन कर नमन किया गया। भाजपा सिर्री मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष लोकेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया है। गांव-गांव तक पक्की सड़क निर्माण के साथ ही सुख सुविधाओं से जोड़ने का काम किया है। इससे गांवों की स्थिति सुदृढ़ होती गई।



मौके पर पूर्व मंडी अध्यक्ष झागेश्वर ध्रुव, रश्मि साहू महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष, थानेश्वर तारक सरपंच गोजी, नरेंद्र ध्रुवंशी प्राधिकृत अधिकारी दर्रा सोसाइटी, करण लाल बंजारे ग्राम प्रमुख फुसेरा, योगेश साहू, भुलऊ राम साहू ग्राम पटेला, योगेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष, गुलशन कुमार साहू शक्ति केंद्र प्रभारी, दुलारू राम साहू, नोमेश साहू, तिजऊ राम साहू, बलराम साहू, शोभाराम पटेल, नेतराम साहू संकरी, राजेंद्र साहू, नोहर लहरी , दानेंद्र साहू, भोजराम लहरे, भारतराम वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## गोरेगांव में मिनी मास्ट लाइट का मुद्दा गरमाया



- युवाओं ने उचित स्थान पर लाइट लगाने सीईओ से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत गोरेगांव में अभी कुछ दिन पूर्व विकास निधि जिला पंचायत मद से लाखों की लागत से 4 सेट मिनी मास्ट लाइट लगाई गई। एजेंसी ग्राम पंचायत है। 3 लाइट को एक ही वार्ड में लगभग 100 मीटर की दूरी में लगाया है और 1 लाइट को गौठान के पास भैंसामुड़ा जाने के मार्ग में लगाया गया है जो अनुचित है। युवाओं ने सरपंच को मिनी मास्ट लाइट को उचित स्थान पर लगवाने का आवेदन दिया। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। जब युवाओं ने लाइट के बारे में जानकारी चाही तो सरपंच ने जवाब दिया कि मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है। लाइट कब लगी, मुझे पता नहीं। इस समस्या को लेकर जितेश साहू, तुलेश्वर साहू, दुष्यंत साहू, भूपति यदुराज, जीवन यादव, यशवंत साहू, जयदेव यदुराज, राहुल हिरवानी, यतींद्र साहू, खेमन साहू, मलखम मरकाम, हिमांशु यदुराज, जन्मेजय साहू ने हस्ताक्षर अभियान चलाया और समस्या के समाधान के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी के पास पहुंचे। सभी ने लाइट को उचित स्थान पर लगवाने की मांग की।

# अटल चौक पर वाजपेयी की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत के अटल चौक वार्ड क्रमांक 13 में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पिंकी शाह थी। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के कर्मचारियों ने मुख्य अतिथि के साथ जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। कुछ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। किंतु भाजपा के अनेक सक्रिय कार्यकर्ता वहां मौजूद रहे, किसी का नाम नहीं लिया गया और न ही उन्हें कुर्सी पर आमंत्रित किया गया। भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं विधानसभा मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू भी अतिथियों के पहले क्रम में थे। उनका भी स्वागत नहीं किया गया और वह नाराज होकर मंच छोड़कर कार्यक्रम से बाहर चले गये। बलजीत छाबड़ा को भाजपा मंडल नगरी का नया मंडल अध्यक्ष बनाए जाने के बाद यह उनका पहला मंचीय कार्यक्रम था। इस मंच से कार्यकर्ता नाराज होकर गए। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला एवं मंडल अध्यक्ष और न ही नगर पंचायत के कर्मचारियों ने कार्यकर्ताओं की लिस्ट बनाना उचित समझा।




## प्लेसमेंट कैम्प 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 27 दिसम्बर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 150 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

# अटल ने परमाणु परीक्षण समेत अनेक दूरगामी योजना प्रारंभ की

- दुगली, कौहाबाहरा, कोलियारी में मनाया गया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का 100वां जन्मदिवस मुनईकेरा, दुगली, कौहाबाहरा, कोलियारी पंचायत के अटल चौक में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम जनपद अध्यक्ष नगरी, विशेष अतिथि महेन्द्र नेताम सरपंच मुनईकेरा, शिवा नेताम सरपंच कौहाबाहरा, रामकुंवर मंडावी सरपंच दुगली, तुलसीराम मंडावी सरपंच कोलियारी थे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ने अटल बिहारी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए देश हित में किये उनके कार्यों को याद किया और बताया कि किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की। उन्होंने सदैव विचारधारा को प्राथमिकता दी। महेन्द्र नेताम ने बताया कि जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए पहली बार देश में आदिवासी मंत्रालय बनाकर जनजाति वर्ग के लिए अलग से बजट पेश किया। पहली बार अंतिम छोर पर बसे लोगों के बारे में सोचा और गांव- गांव तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कराया। देश में सर्व शिक्षा अभियान चलाकर बच्चों की अनिवार्य शिक्षा पर जोर दिया। परमाणु परीक्षण सहित अनेक दूरगामी योजना प्रारंभ की। इस दौरान प्रेमसिंह मरकाम, बूथ अध्यक्ष भूषण मरकाम, आशाराम वट्टी, सदाराम यादव, शंभूनाथ टेकाम, गजेन्द्र तुमरेटी, श्यामाचरण मंडावी, अर्जुन नेताम उप सरपंच, जयसिंह सोरी, ज्वाला तुमरेटी, मोहितराम मरकाम, वीरेंद्र प्रताप सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार की कथा सुनी






**नगरी।** ग्राम पंचायत घठुला के डीहीपारा में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 22 से 30 दिसंबर तक किया गया है । कथावाचक प्रवीण दुबे महाराज कांकेर हैं। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। मंगलवार को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र की कथा बताई। बुधवार को अजामिल उपख्यान एवं प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार की कथा सुनाई। कथा सुनने नारायण पाठक, श्रीमती आशा पाठक, विमल पाठक, श्रीमती उषा पाठक समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

### कथा व्यक्ति के जीवन को सरल और सौम्य बनाती है : परमानंद





**धमतरी।** ग्राम मौरीखुर्द में गोपाल-सुहाता साहू की स्मृति में भुवनलाल साहू द्वारा 22 से 27 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा के शुभारंभ पर कलशयात्रा निकली। कथावाचक युग पुरोहित परमानंद ने प्रथम दिन वेदपूजन कर भागवत की स्थापना की। द्वितीय दिवस सुकदेव एवं परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। कथा में आगे बताया कि कथा व्यक्ति के जीवन को सरल और सौम्य बनाती है। व्यक्ति को जीवन जीने की कला भी सिखाती है। आगे कहा कि भगवान विष्णु की नाभि से दांडी ग्रुप में कमल फूल का उदय हुआ जिसमें चार मुख वाले ब्रह्मा जी प्रकट हुए और उन्होंने 24 करोड़ गायत्री मंत्र जाप करके सृष्टि की रचना की। अपने अंगों से मनु एवं शतरूपा पति-पत्नी का निर्माण करके सृष्टि की रचना की। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

- मौरीखुर्द में श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

### दरबा में मनाया गया सुशासन दिवस



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत दरबा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सीमा बघेल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई युगदृष्टा थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर छत्तीसगढ़ वासियों का मान बढ़ाया है। मौके पर कौशलेष आडिल, गुलशन साहू, विश्वनाथ साहू, योगेश साहू, गुहलेद साहू, पंचदेव साहू, गोपाल देवांगन, लीलाराम साहू, कृपाराम साहू, रमऊ राम साहू, छम्मन साहू, रूपेश सपहा, त्रिभुवन साहू, कौशल साहू सचिव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### खर्रा में अटल बिहारी को किया नमन



**सिर्री।** ग्राम खर्रा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती मनाई गई। गांव के अटल चौक में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। खर्रा सरपंच ने श्री अटल की जीवनी एवं विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। मौके पर पार्वती कश्यप सरपंच, अजय कश्यप सरपंच प्रतिनिधि, नरेंद्र ध्रुवंशी प्राधिकृत अधिकारी दर्रा सोसाइटी, हेमलाल यादव, रोहित साहू, बिसाहू, बैशाखू, शशि ध्रुवंशी, विजय, ईश्वर तारक, गिरजा, मुकेश्वरी, यशवंत पटेल, तिजऊ, जमुना, गंगा, धनेश, अर्जुन, बृजराज, रामकुमारी, डेकेश्वर, उत्तम, खेमिन, परमानंद ध्रुव सहित अन्य उपस्थित थे।

### कंडेल में मनाई गई वाजपेयी की जयंती



**पुरी।** भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेई की जयंती एवं छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु साय के 1 वर्ष का सुशासन दिवस ग्राम कंडेल के अटल चौक में मनाया गया जिसमें विष्णु की पाती का वाचन किया गया। मौके पर सरपंच पुष्पा नेताम, उपसरपंच कोमल साहू, कामता मछेंद्र, मंडी अध्यक्ष यतीश श्रीवास्तव, सचिव ध्रुवंशी, पीतलू साहू, दीनाराम, रघुनाथ, धनवा, भारत राम, माखन, पुनीत राम साहू, तात्याराम, नेतराम ध्रुव, राजेश साहू, नरेंद्र, ललित राम, दसूराम साहू उपस्थित थे।

कछुआ गति से हो रहा धान का परिवहन, समिति प्रबंधक चिंतित

# बोरसी सोसाइटी में जगह की कमी से बाहर हो रही धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

- उपार्जन केंद्र में 22150 क्विंटल धान जाम

धान खरीदी केन्द्रों में परिवहन धीमा होने से सोसाइटियों में धान जाम पड़ा हुआ है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बोरसी में धान परिवहन कछुआ चाल से होने से जगह का अभाव बना हुआ है। समिति प्रबंधक नेमचंद निषाद, प्राधिकृत अधिकारी डामेश्वर सिन्हा ने बताया कि 14 नवंबर से लेकर 24 दिसंबर तक सोसादटी में 980 किसानों से 43620 क्विंटल धान की खरीदी हुई है जिसमें मोटा धान 25721.20 क्विंटल, पतला धान 9946 क्विंटल एवं सरना धान 7952 क्विंटल हैं। फड़ में अभी 22150 क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। किसानों ने 100524920 रूपये की धान बिक्री की है। 30752171 रूपये की वसूली लिंकिंग के माध्यम से की गई है। 69772749 रूपये किसानों के खाते में ऑनलाइन भुगतान किया जा चुका है। डीओ कटने के बाद भी संग्रहण केन्द्र द्वारा धान का परिवहन धीमी गति से किया जा रहा है । केन्द्र में जगह का अभाव होने से बाहर धान की खरीदी हो रही है। धान का परिवहन धीमा होने से समिति प्रबंधक चिंतित हैं। 60 प्रतिशत धान की खरीदी हो चुकी है।



**Pride of Dhamtari**

**राजनीतिक कटआउट**

3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है

फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें

अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें

हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




डिलीवरी सुविधा उपलब्ध

राजनीतिक कार्य वजीब दाम में

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि

धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## संक्षिप्त खबरें

### अटल बिहारी कुशल प्रधानमंत्री, राजनीतिज्ञ थे



**सिर्री।** ग्राम सिर्री में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती मनाई गई। गांव के अटल चौक में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजन कर उनको नमन किया गया। झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, घनश्याम साहू, लेखराम सिन्हा, शोभाराम पटेल अध्यक्ष पटेल समाज ने अटल बिहारी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे कुशल प्रधानमंत्री, राजनीतिज्ञ रहे जो देश के विकास में काफी उपलब्धियां हासिल की। गांवों में पक्की सड़कों से विकास का मार्ग श्री अटल बिहारी ने प्रशस्त किया। मौके पर रति बंजारे पूर्व सरपंच, सालिकराम साहू ग्राम पटेला, रेखराम साहू सचिव, धनेश बंजारे, तेजराम साहू, रामकुमार पटेल, जनक कुंभकार, अमित देवांगन, रोहित साहू, राजकुमार साहू, द्वारिका साहू, कमलेश साहू, सोनल साहू, मोहन साहू, गोकुल पटेल समेत अन्य मौजूद थे।

### रंगोली में बाजारकुर्रीडीह स्कूल की छात्राएं रहीं प्रथम



**धमतरी।** राष्ट्रीय गणित दिवस का जिला स्तरीय आयोजन पीएमश्री मेहतरु राम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में किया गया। विद्यार्थियों को गणित विषय के प्रति जागरूक करने व उसमें रुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से समस्त प्रतियोगिताओं की थीम गणित पर ही रखी गई थी। गणित मॉडल मेकिंग कम्पिटिशन, मैथ्स एग्जीबिशन, मेंटल मैथ्स चैलेंज, क्विज, डिबेट, रंगोली, कविता, भाषण आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह के गणित के व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने बताया कि उनकी शाला के ग्रामीण अंचल के बच्चों ने पहली बार जिला स्तर पर अपनी सहभागिता प्रदान की। उन्होंने मैथ्स एग्जीबिशन व रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। रंगोली में प्रथम स्थान कक्षा दसवीं की छात्रा साक्षी, मानवी एवं डिकेश्वरी ने प्राप्त किया। उन्होंने महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन एवं त्रिकोणमिति से संबंधित सूत्रों को अपनी रंगोली में चित्रित किया। इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य अभयराम ध्रुव, चुम्मन साहू, कमलेश निषाद, शिवकुमारी नेताम, खेमलता, भावना रामटेके, भागीरथी ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने किया रंगकर्मी का सम्मान




**धमतरी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला धमतरी द्वारा विजय दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के व्याख्याता, रंगकर्मी आकाश गिरी गोस्वामी को नाटक के साथ शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों को रंगमंच, संगीत साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम में जोड़कर उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने में विशेष योगदान हेतु परिषद ने डॉ. सुमित गुप्ता, प्रकाश बैस, निर्मल बरडिया, डॉ. अनंत दीक्षित, दीपक सिंह ठाकुर, रूपेंद्र साहू, उमेश साहू, सविता छांटा के आतिथ्य में सम्मानित किया।

### बीजेपी युवा मोर्चा ने गृहमंत्री के विवादास्पद भाषण पर पर्दा डालने की कोशिश की : एनएसयूआई



**धमतरी।** एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव गौतम वाधवानी ने कहा कि जिस तरह से भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस भवन का घेराव किया। अमर्यादित रूप से उन्होंने गेट पर कांग्रेस भवन घुसने की नाकाम कोशिश की। इससे पुलिस के अधिकारी सहित आरक्षकों को चोट पहुंची। यह जिस उद्देश्य से किया गया है, वह बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वाले गृहमंत्री अमित शाह के विवादास्पद भाषण पर पर्दा डालने की नाकाम कोशिश की है। हम गांधीवादी तरीके से मौन खड़े होकर हाथों में महात्मा गांधी एवं भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लेकर उनके घेराव का जवाब गांधी वादी तरीके से दे रहे थे तो दूसरे तरफ भाजयुमो के सदस्य नेता उग्र होकर गांधी, अम्बेडकर की प्रतिमा एवं कांग्रेसियों, पुलिस प्रशासन पर पानी फेंक रहे थे। जिस तरह भाजपाइयों ने अपना उतारा हुआ गमछा प्रतिमा पर पहनाने की बात कही इससे उनकी अंबेडकर एवं गांधी के प्रति उनकी संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है।

### सुशासन के एक साल पर निकली साइकिल रैली

**धमतरी।** सुशासन के एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल कार्यक्रम के तहत जिले में अनेक कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित कर प्रदेश सरकार के एक साल की उपलब्धियों की जानकारी लोगों को दी जा रही है। इसी कड़ी में बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना व राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी एवं साइकिल रैली का आयोजन हुआ।

कुरुद में टीसीसी द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

# दल्लीराजहरा ने जीता विजेता का खिताब

- कम संसाधन में भी बेहतर करने वाला ही है असली खिलाड़ी : राजेश चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद




स्व. विनोद गोस्वामी की स्मृति में टॉरनेडो क्रिकेट क्लब कुरूद के तत्वावधान में आयोजित डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान के मुख्य आतिथ्य में समापन हुआ। फाइनल मैच दल्ली राजहरा और मुरली रायपुर के बीच खेला गया जिसमें दल्लीराजहरा विजेता रहा।

समापन दिवस पर 4 मैच खेले गए जिसमें दो सेमीफाइनल एक तीसरे स्थान के लिए और चौथा फाइनल मैच दल्ली राजहरा और मुरली रायपुर के बीच खेला गया जिसमें दल्ली राजहरा ने 60 रन का लक्ष्य मुरली रायपुर के सामने रखा पर मुरली रायपुर महज 33 रन बनाकर 37 रनों से मैच हार गया। दूसरा सेमीफाइनल जबलपुर मध्यप्रदेश वर्सेस इरफान बिलासपुर के बीच खेला गया। बिलासपुर की टीम ने जबलपुर को 53 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए जबलपुर की टीम 49 रन ही बना सकी और चार रन से मैच हार गई। जबलपुर वर्सेस मुरली रायपुर के बीच मैच खेला गया। जबलपुर ने मैच जीतकर इस टूर्नामेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। चौथा मैच और फाइनल मैच दल्लीराजहरा और इरफान बिलासपुर के बीच खेला गया। दल्ली राजहरा ने बिलासपुर के सामने 53 रनों का लक्ष्य रखा, जिसका पीछा करते हुए बिलासपुर की टीम 47 रन बनाकर पांच रन से फाइनल मैच हार गई। दल्लीराजहरा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डबल विकेट के ख़िताब को अपने नाम कर लिया।

### विजेता टीम को 51 हजार नकद व कप मिला

प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 51000 रुपए दल्ली राजहरा, द्वितीय पुरस्कार 31000 रुपए इरफान बिलासपुर, तृतीय पुरस्कार 11000 रुपए जबलपुर को मिला। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार अभिषेक जबलपुर, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार इरफान बिलासपुर, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण का पुरस्कार मंदरौद के आयुष साहू और सर्वश्रेष्ठ हीटर का पुरस्कार ऐश्वर्य दल्ली राजहरा को दिया गया। अंपायर, स्कोरर, कॉमेंटेटर, अतिथियों के साथ-साथ पत्रकारों का भी सम्मान किया गया।

### खिलाड़ी उपलब्ध सुविधाओं का सदुपयोग करें

मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेटर राजेश चौहान ने कहा कि जब दो दशक पहले मैं कुरुद आया था तो यहां साधन-संसाधन का अभाव था लेकिन आज बेहतर मैदान है। इसका सद्उपयोग यहां के खिलाड़ी अवश्य करें। खिलाड़ियों के मन में सफलता हासिल करने की जिद होनी चहिए। उन्होंने स्व. विनोद गोस्वामी को याद कर कहा कि कम संसाधन में भी बेहतर करना ही असली खिलाड़ी की पहचान होती है। उन्होंने निःसंदेह बेहतर काम किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने कहा कि पहले मैदान नहीं होने के बाद भी हम यहां से बेहतर करने लगातार परिश्रम करते थे चाहे जीत हो या हार। हम आखिरी तक रोमांचक खेल खेलते थे। उन्होंने खेल मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए 15 लाख रुपये स्वीकृति की जाने की जानकारी दी। पूर्व नपं अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने यहां उपलब्ध खेल सुविधाओं की तारीफ कर खिलाड़ियों को मैदान की अहमियत बरकरार रखने की बात कही। टारनेडो के वरिष्ठ खिलाड़ी नीरज चंद्राकर ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि वरिष्ठ क्रिकेटर राजेंद्र नायडू, तपन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत, निरंजन सिंह, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, श्रीमती मंजु साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत, श्रीमती राखी तपन चंद्राकर पार्षद, भानु चंद्राकर अध्यक्ष वंदे मातरम, आशीष शर्मा थे। आभार प्रदर्शन क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ी राजकुमार रात्रे ने किया।

## जिला अस्पताल में 80 बेबी किट बांटे गए




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महावीर इंटरनेशनल ने वात्सल्य योजना के तहत जिला अस्पताल में बेबी किट का वितरण किया गया। 80 बेबी किट अर्जुनदास, विजय जैसवानी के सहयोग से बांटे गए। इस आयोजन में संस्था अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत, खेमचंद गोलछा, दिलीप बड़जात्या, स्वरूप बैद, विनोद जैन, डॉ. पपेश नाहर, डॉ. हर्ष जैन, मुकेश जैन, निलेश लुंकड़, धीरेन्द्र नाहर, अध्यक्ष सूर्या लुंकड़, नीलू लुनावत, शोभा बैद ,अस्पताल स्टाफ श्रीमती अंकिता नेताम एवं श्रीमती अनुराधा मेश्राम का सहयोग रहा।

## सिलौटी महाविद्यालय के स्लोगन स्पर्धा में वनिता रही प्रथम




**अंवरी।** बाबू पंढरीराव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी में साय सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर स्लोगन, वाद-विवाद, संगोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतियोगिता आयोजित की गई। संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने सुशासन तथा वर्तमान योजनाएं एवं उसे लागू करने में आने वाली चुनौतियों के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए। वाद-विवाद में छात्र-छात्राओं ने जनकल्याणकारी योजनाओं पर चिंतन किया। सुशासन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर स्लोगन प्रतियोगिता हुई जिसमें बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा वनिता प्रथम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र हेमंत द्वितीय, बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा हिना साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रासेयो स्वयंसेवकों ने बाजार चौक में सुशासन एवं विकास विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य एवं संरक्षिका डॉ. भावना कमाने ने विद्यार्थियों को सुशासन के मूलभूत सिद्धांतों और समाज में उसकी आवश्यकता के बारे में बताया। प्राध्यापक डॉ. अश्वनी ध्रुव ने जनकल्याण एवं बेहतरी को बढ़ाने के लिए सुशासन के महत्व से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक डॉ. शिवेन्द्र बहादुर एवं सहसंयोजक डॉ. दानेश्वर वर्मा थे। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक भारती मंडावी, भरतलाल यादव, ओमप्रकाश साहू, हितेश नेताम, भावना दीवान, त्रिभुवन साहू, राकेश कौशिक, डॉ. संदीप साहू, पवन साकेत एवं बी. पद्मराज क्यूट समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




## पीएम मोदी ने दी आयुर्वेद को नई पहचान : प्रीतेश




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

संविधान दिवस 26 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने आयुष मंत्रालय द्वारा प्रकृति परीक्षण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान में भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत ने विश्व को स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुर्वेद के रूप में अनमोल तोहफा दिया है। यह ऋषि मुनियों के सैकड़ों वर्ष की तपस्या का जागृत स्वरूप है। गौरतलब है कि इस अभियान का समापन देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटलबिहारी बाजपेयी की जन्म तिथि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर एक करोड़ लोगों के प्रकृति परीक्षण के साथ होगा। प्रकृति परीक्षण अभियान पूरे देश में तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में धमतरी में भी आयोजन किया गया जिसमें प्रीतेश गांधी, हरख जैन, अमित अग्रवाल, उमेश साहू एवं अन्य वरिष्ठजनों का प्रकृति परीक्षण किया गया। मौके पर डॉ. दिनेश कुमार नाग सह समन्वयक प्रकृति परीक्षण अभियान धमतरी, प्रकाश मीनपाल, दुलेश श्रीमाली, अनामिका कवाडे, प्रियंका हुर्रा, मोहित साहू, हरिश्चंद्र यादव, हुमेश्वरी साहू, सुमन मीनपाल मौजूद थे।






## खबर संक्षेप



### साईं पालकी शोभायात्रा में शामिल हुए महापौर

**धमतरी।** हटकेशर, सुभाषनगर वार्ड में श्री साईं बाबा के जन्मोत्सव के अवसर पर साईं पालकी शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा में महापौर विजय देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर श्री देवांगन ने साईं बाबा के चरणों में श्रद्धा अर्पित की और उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने कहा कि साईं बाबा का जीवन और उपदेश हमें मानवता, प्रेम, और एकता का मार्ग दिखाता है। साईं बाबा का संदेश हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा देता है।

### लक्की बने एनएसयूआई के प्रदेश प्रवक्ता





**धमतरी।** एनएसयूआई इकाई के प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, जिला अध्यक्ष राजा देवांगन की अनुशंसा पर लक्की निर्मलकर को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। तेजप्रकाश साहू एनएसयूआई ब्लॉक शहर 02 के अध्यक्ष बनाये गये। इनकी नियुक्ति पर जय श्रीवास्तव, पारस साहू, भेपेंद्र कंवर, सुदीप सिन्हा, प्रशांत शर्मा, नोमेश सिन्हा, ओमप्रकाश, देवेंद्र सिन्हा, लोकेश साहू, प्रमोद कुंजाम नदीम अली, सोनू चौहान, दिलीप सोनी, भूपेश सिन्हा समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। लक्की ने अपनी नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष श्री देवांगन का आभार प्रकट करते हुए कांग्रेस की विचारधारा के साथ पार्टी के प्रति तन मन धन से काम करने का संकल्प लिया।

### पूरा देश अटलजी का हमेशा ऋणी रहेगा : मोटवानी




**धमतरी।** आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को जयंती पर नमन करते हुए कहा है कि दृढ़ निश्चय, कठोर परिश्रम तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण का सदैव भाव रखने वाले अटल जी का पूरा देश हमेशा ऋणी रहेगा। उन्होंने भारत के शौर्य साहस और पराक्रम का लोहा मनवाते हुए पोखरण में परमाणु विस्फोट करते हुए महा शक्तियों को भी इस बात के लिए सोचने को मजबूर कर दिया कि सैन्य शक्ति के दृष्टिकोण से भारत किसी से कमजोर नहीं है। पृथक छत्तीसगढ़, उत्तराखंड , झारखंड का निर्माण कर विकास को एक नई ऊंचाई दी।

देलही पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव अनुभव 2024 में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# आधुनिक ज्ञान के साथ प्राचीन सांस्कृतिक ज्ञान और मूल्यों से भी छात्र परिचित हों : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उत्साह से भरे स्कूली बच्चों से जब भी मैं मिलता हूं, मुझमें भी नई ऊर्जा का संचार हो जाता है। आप लोग छत्तीसगढ़ का भविष्य है। सभी बच्चे खूब पढ़ें और अपने संस्कार को कभी न छोड़ें। यह बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नेग्राम सांकरा में डीपीएस स्कूल के वार्षिकोत्सव अनुभव 2024 में बच्चों को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जब भी मैं आप लोगों के बीच आता हूं तो अपने स्कूली जीवन और अपने शिक्षकों को याद करता हूं। मेरे शिक्षकों ने जो शिक्षा और संस्कार मुझे दिये, उसकी बदौलत मैं आज यहां खड़ा हूं। आगे कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी के घड़े की तरह होते हैं। उनके शिक्षक और अभिभावक उन्हें



आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आधुनिक ज्ञान विज्ञान के साथ ही प्राचीन सांस्कृतिक ज्ञान और मूल्यों पर भी जोर दिया गया है। हमने बच्चों को प्राथमिक शिक्षा मातृ-भाषा में देने की व्यवस्था की है। बच्चों को समृद्ध




इतिहास और संस्कृति के बारे में शिक्षा दी जा रही है। श्री साय ने आगे कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा विकास का मूलमंत्र है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हमने विकसित छत्तीसगढ़ का विजन तैयार किया है।

हमारी डबल इंजन सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व निर्णय लिए हैं। प्रदेश के बेटे और बेटियों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 341 स्कूलों का चयन पीएमश्री स्कूल के रूप में किया गया है। यहां शिक्षा के लिए अच्छी अधोसंरचना तथा स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी हुई कि डीपीएस विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद को अहमियत दी जा रही है। यहां बच्चों को खेल एवं अच्छे संस्कार भी दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वार्षिक उत्सव के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। मौके पर डीपीएस स्कूल के शिक्षक एवं पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# एकजुटता से ही समाज का विकास : ओंकार

- गंगरेल में छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज युवा संगठन का हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज युवा संगठन के तत्त्वाधान में मानव वन एडवेंचर कैंप गंगरेल में सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। अध्यक्षता महापौर विजय देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि सभापति राजेश ठाकुर , भूपत देवांगन , छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज के महासभा अध्यक्ष भुवनलाल अवसरिया, महासचिव पुष्कर कहार, उपाध्यक्षा पदमा कहार, कोषाध्यक्ष गणेश गोहिल थे। कार्यक्रम




की शुरुआत माता अंगारमोती और समाज की कुलदेवी मां कन्हाई परमेश्वरी की पूजा-अर्चना से हुई। समाज के महासभा पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, श्री शक्तिपुंज महिला समिति की अध्यक्ष सचिव, कोषाध्यक्ष का उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान किया गया। समाज प्रमुखों ने संगठन को मजबूत और विकास की ओर ले जाने की बात पर बल दिया। विधायक ओंकार साहू ने अपने उद्बोधन में कहार भोई समाज की एकजुटता और आयोजन की तारीफ की। उन्होंने सामाजिक भवन निर्माण हेतु आगामी बजट में सहयोग देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन संजय बनवासी ने किया। मौके पर प्रीतलाल यमराज,

कुंदन औसर, राजेंद्र औसर, ज्योति औसर ,सतीश चौधरी, चंद्रकुमार चौधरी, बसंत औसर, बेनीराम औसर, चंद्रहास कहार, राधे सैनिक, रूक्मणी कश्यप, रेखा मांछल , कविता बनवासी, तुष्टा बोयर, स्वर्णा कोसरिया, होरीलाल सैनिक, रामकुमार चंद्रकुमार चौधरी, रामजी नायक, शिवकुमार कश्यप समेत बड़ी संख्या में समाजनन उपस्थित थे। यह जानकारी समाज के प्रचार प्रसारक मुकेश कश्यप ने दी है।

### मड़ई महोत्सव एवं डांस प्रतियोगिता 28 को

आमदी(धमतरी)। युवा संगठन एवं त्रिवेणी संगम डांस ग्रुप के तत्वावधान में हाईस्कूल मैदान आमदी में मड़ई महोत्सव एवं डांस प्रतियोगिता 28 दिसंबर को आयोजित की गई है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 15001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 10001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 7001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 5001 रूपये दिया जायेगा। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये व एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 1001 रूपये दिया जायेगा। बेस्ट डांस में 501 रूपये, वेशभूषा में 501 रूपये और अनुशासन में 501 रूपये का आकर्षक पुरस्कार रखा गया है। तैयारी में कैलाश साहू, चंद्रशेखर सार्वा समेत ग्रुप के सदस्य जुटे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**धमतरी।** भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंग का विमानतल पर छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष, धमतरी जिला अध्यक्ष लक्ष्मण साहू,




- लक्ष्मण साहू ने खिलाड़ियों की मूलभूत समस्याओं से कराया अवगत

प्रशांत राय महामंत्री, गामा यादव, संरक्षक सत्यवान यादव, ईश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, महामंत्री ननकू महाराज, कुश्ती संघ सदस्य टिकेश्वर निर्मलकर, संतोष साहू, सरिता मिश्रा कुश्ती संघ सदस्य, एनआईएस कोच विकास सिंह ठाकुर ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। ज्ञात हो कि अध्यक्ष संजय सिंग प्रदेश वॉलीबॉल संघ के चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ प्रदेश के वॉलीबॉल संघ अध्यक्ष महेश गागड़ा नियुक्त किए गए। इसके बाद भिलाई छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संजय सिंह को प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने गदा भेंट की। संजय सिंग को लक्ष्मण साहू ने खिलाड़ियों की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। खिलाड़ियों को रेलवे और बस टिकट में छूट देने की मांग की। अध्यक्ष ने उनकी मांगों को राष्ट्रीय लेवल पर रखने का आश्वासन दिया।

### जैन समाज ने मनाया भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव

**धमतरी।** पौष बदी दशमी को जैन धर्म के तेइसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में श्री पार्श्वनाथ



जिनालय इतवारी बाजार में भी पार्श्वनाथ की पूजा प्रातः 10 बजे विमल पारख द्वारा कराई गई। रात्रि में स्थानीय मंडलों द्वारा परमात्मा की भव्य भक्ति की जाएगी। 108 दीए से परमात्मा की आरती होगी। जैन समाज के कुशल चोपड़ा ने बताया कि परमात्मा पार्श्वनाथ को पुरुषदानी भी कहते हैं। परमात्मा ने 500 कल्याणकों में भाग लिया था। आज के दिन परमात्मा का जन्मकल्याणक हुआ था। जैन दर्शन के अनुसार परमात्मा के 108 नाम है। 108 नाम के अलग- अलग 108 तीर्थ है। पूरे भारत में पार्श्वनाथ भगवान का तीर्थ सबसे अधिक है। धमतरी के श्री पार्श्वनाथ जिनालय में भी श्री मूल्यनायक के रूप में परमात्मा पार्श्वनाथ विराजमान है। धमतरी का पार्श्वनाथ जिनालय भी तीर्थ स्वरूप है क्योंकि इसे 100 वर्ष से अधिक हो गया है। कार्यक्रम में भंवरलाल छाजेड़, लूनकरण गोलछा , प्रकाशचंद बैद, सुरेश गोलछा, मोहन गोलछा, वीरेंद्र गोलछा, महेंद्र गोलछा, विमल पारख, कुशल चोपड़ा, सरोज पारख, निहारिका पारख सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। **आज संघवी का होगा सम्मान** : 26 दिसंबर को श्री पार्श्वनाथ जिनालय में संघवी रानूलाल विजय कुमार गोलछा का श्रीसंघ द्वारा सम्मान किया जाएगा। श्री गोलछा ने 18 से 25 दिसंबर तक गिरनार यात्रा सहित पालीताणा की पदयात्रा कराई थी।

### देवपुर में 31 को जैतखाम का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री करेंगे

**धमतरी।** सतनामी समाज ब्लॉक धमतरी ग्रामीण द्वारा 31 दिसंबर को देवपुर में जैतखाम का उद्घाटन कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल



होने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी सहमति दे दी है। ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र भारती , रामेश्वर कुर्रे, भगवान सिंह सोनवानी ने बताया कि छत्रपाल महाराज अरंड द्वारा गुरु गद्दी स्थापना की जाएगी। यह सतनामी समाज का प्रतीक चिन्ह है जिसका ग्रामीण विगत 1 वर्षों से बनने का इंतजार कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी करेंगी। विशिष्ट अतिथि विधायक ओंकार साहू होंगे।

# गोंडवाना समाज भवन के सभाहाल का महापौर ने किया लोकार्पण

**धमतरी।** शीतलापारा वार्ड स्थित गोंडवाना समाज भवन में सभा हाल का लोकार्पण मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन, पार्षद सूरज गहरवाल ने किया। इस अवसर पर महापौर श्री देवांगन ने अपने संबोधन में समाज के विकास के लिए इस भवन के निर्माण को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह भवन न केवल समाज के सदस्यों को एकत्रित होने का स्थान प्रदान करेगा, बल्कि समाज के विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी एक आदर्श स्थल साबित



होगा। समाज भवन के लोकार्पण से गोंडवाना समाज के लोगों को एक नया और समृद्ध स्थान मिला है, जो उनके सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह भवन समाज की एकता और सामूहिक प्रयास का प्रतीक बनकर उभरेगा।

### स्वास्थ्य के प्रति बढ़ी जागरुकता




**धमतरी।** फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान अंतर्गत खेलो इंडिया लघु केंद्र धमतरी के सेंटर में फीट इंडिया साइकिलिंग का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लेने के लिए भारत सरकार और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।







